**विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सरोजिनी महिषी) :** (क) राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने के लिए 22 अप्रैल की तारीख नियत की गई है।

(ख) कांग्रेस (संगठन)

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

सोशलिस्ट पार्टी

जनसंघ

द्रविड़ मुन्नेत्र खड़गम

भारतीय लोक दल

रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी

यूनाइटेड इंडिपेंडेंट पार्लियामेंटरी ग्रुप

अन्ना द्रविड मुनेत्र खड़गम

केरल कांग्रेस

मुस्लिम लिग

अकाली दल

रिपब्लिकन पार्टी

कांग्रेस पार्टी

(ग) विचार-विमर्श निर्वाचन विधियों के ...न से संबंधित होगा, जिसमें विशेष बल निर्वाचन व्ययों पर दिया जाएगा।

## बेरोजगार स्नातकों के लिये पुस्तक बेचने के स्टाल

6253. **श्री विभूति मिश्र :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न रेलवे के बडे स्टेशनों पर पुस्तक बेचने के स्टाल चलाने के लिये बेरोजगार स्नातकों को लाइसेंस देने का सरकार का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इस संबंध में विज्ञापन देने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और किन-किन स्टेशनों के लिये ?

**रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बूटा सिंह):** (क) सरकार ने यह विनिश्चय किया है कि बुकस्टाल के ठेके उन बेरोजगार स्नातकों को दिये जायें जिन्होंने सहकारिता/साझेदारी संगठन आदि बना रखे हों साथ ही बेरोजगार स्नातकों को व्यक्तिगत रूप में उन स्टेशनों पर बुक स्टाल के ठेके दिये जा सकते है जिन पर अभी तक कोई बुक स्टाल नहीं है किन्तु जहां पर बुकस्टाल होना आवश्यक समझा जाये और उन नये स्टेशनों पर भी जो भविष्य में खोले जाये।

(ख) और (ग) उपर्युक्त योजना 1973 में लागू की गयी थी तभी से रेलवे समय-समय पर बेरोजगार स्नातकों से विज्ञापन के माध्यम से आवेदन मांगती रही है और 19 स्टेशनों पर इन श्रेणियों के लिए पहले ही बुकस्टाल के ठेके दिये जा चुके हैं। एक सूची जिसमे उन स्टेशनों के नाम दिये गये है सभा पटल पर रखा गया है। [ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या LT 9436/75]

## Parity Promotion of T.Cs./T.T.Es Rajkot and Ajmer Divisions (Western Railway)

6254. SHRI JAGANNATH RAO JOSHI :
SHRI ISHWAR CHAUDHRY:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) in the last year, how many T.Cs./Travelling Ticket Examiners have been promoted in the Rajkot Division and after how many years' service each one of them got his promotion;

(b) similarly how many T.Cs./Travelling Ticket Examiners were promoted last year in the Ajmer Division and after how many years' service, each one of them got his promotion; and

(c) is it a fact that in this regard, there is discrimination between the two Divisions, if so, what remedial measures are being taken?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH) : (a) None has been promoted during the year. Seniormost TC awaiting promotion is in the 11th year of service.

(b) Six TCs after having put in service from 4 years to 17 years were promoted as senior TCs and one TTE was promoted as Head Ticket Collector. Those with less service are Scheduled Castes promoted against reserved quota.

(c) The posts are sanctioned for each Division on the basis of requirements. Because of the pattern of traffic, some Divisions will have more posts than others. Since promotion at this level is Division-wise, there will be variations in the chances of promotion in the Divisional controlled posts.

**Amounts of Emoluments Disbursed to Officers and Subordinates**

6255. SHRI JAGANNATH RAO JOSHI:
SHRI ISHWAR CHAUDHARY:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state ;

(a) the zone-wise number of class I & II officers in 1974 and how do these numbers compare with those in 1951;

(b) the zone-wise number of class III and IV subordinates in 1974 and in 1951; and

(c) how do the total amounts of emoluments disbursed, zone-wise to the officers and to the subordinates in 1974 as compared to those disbursed in 1951?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BUTA SINGH) : (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See No. LT*-9437/75].

**रतलाम रेलवे क्रासिंग पर उपरि पुल का निर्माण**

6256. डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रतलाम रेलवे क्रासिंग (अजमेर-खण्डवा सैक्शन मीटर गेज) पर रेलों के आवागमन तथा शंटिंग के समय सड़क यातायात घंटों तक अवरुद्ध रहता है ;

(ख) क्या वहां पर एक उपरि पुल बनाने की आवश्यकता अनुभव की गई है ; और इस के लिए सर्वेक्षण भी किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उपरि पुल के निर्माण हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ?

**रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बूटा सिंह) :** (क) जी नहीं। लेकिन चूंकि समपार रतलाम के मीटर लाइन स्टेशन यार्ड में स्थित है इस लिए इसे शंटिंग के समय तथा गाड़ियों के गुजरने के समय भी बंद करना पड़ता है।

(ख) मध्य प्रदेश सरकार ने इस समपार के बदले ऊपरि सड़क-पुल की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। पश्चिम रेलवे ने राज्य सरकार से कहा है कि शर्तों के संबंध में अपनी स्वीकृति भेजें, लेकिन अभी तक राज्य सरकार से आगे कोई पत्र नहीं मिला है। शर्तों के बारे में राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो जाने के बाद ही इस निर्माण कार्य का सर्वेक्षण प्रारम्भ किया जा सकेगा।

(ग) राज्य सरकार से निश्चित प्रस्ताव सहित शर्तों संबंधी उसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाने के बाद ही आगे कार्रवाई की जा सकेगी।

**गोविंदराम सोबी शूगर मिल्स, महिदपुर**

6257. डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय : क्या विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री मध्य प्रदेश में चीनी मिलों के निदेशकों के शेयरों के बारे में 18 मार्च, 1975 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3720 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोविन्दराम सोबी शूगर मिल्स, महिदपुर एक गैर-पंजीकृत कम्पनी है और यदि